Epitome : International Journal of Multidisciplinary Research
ISSN : 2395-6968

''वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण का उनके मूल्यों तथा शैक्षणिक उपलब्धि के सन्दर्भ में अध्ययन।''

Dr. Rekha Yadav
Research Scholar
Ph.D. in Education

सारांश

आज एक राष्ट्र तभी उन्नति करता है जब उस राष्ट्र के नागरिक शिक्षित हो तथा नागरिक को शिक्षा देने, मूल्य और संस्कारों को परिष्कृत करने का कार्य परिवार के साथ–साथ विद्यालय भी करता है। यदि विद्यालयी वातावरण अच्छा व सुलभ होता है तो बालक में मूल्यों की उत्पत्ति तथा विकास स्वतः ही हो जाता है और इससे उसकी शैक्षणिक उपलब्धि भी प्रभावित होती है। इसलिए विद्यालयी वातावरण को जानना तथा उसके द्वारा बालक के मूल्यों तथा शैक्षणिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन की आवश्यकता महसूस हुई। शोध अध्ययन हेतु प्रतिदर्श के रूप में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के विज्ञान, कला तथा वाणिज्य संकाय के 600 विद्यार्थियों का चुनाव किया गया। प्रदत्तों के विश्लेषण हेतु सह–सम्बन्ध सांख्यिकीय प्रविधि का प्रयोग किया गया।

 Dr. Pramod Ambadasrao Pawar, Editor-in-Chief ©EIJMR, All rights reserved.